## सूफी आन्दोलन

1. 'सूफी' शब्द की उत्पत्ति के संबंध में सर्वाधिक मान्यता प्राप्त मत है–
(अ) सूफ (ऊन) शब्द से हुई क्योंकि सूफी ऊनी कंबल या लबादा ओढ़ते थे
(ब) सफा (पवित्रता, शुद्धता) शब्द से हुई क्योंकि सूफियों के दिल, आत्मा, विचार व कृत्य पवित्र और शुद्ध होते थे
(स) सूफ (मण्डली) शब्द से हुई क्योंकि इन सूफियों का व्यवहार पैगम्बर से जुड़ी हुई मण्डली के लोगों के समान थी
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)
व्याख्याः– अबू हाशिम ने सबसे पहले सूफी शब्द का प्रयोग किया था। सूफी का मूल अर्थ है–''एक जो ऊन पहनता है''। कुछ लोग कहते हैं कि ये सूफ (ऊन) से आया है क्योंकि कई सूफी दरवेश ऊन का चोगा (कंबल या लबादा) पहनते थे। जो लोग सूफी संतों से शिष्यता ग्रहण करते थे, उन्हें मुरीद कहा जाता था। सूफी जिन आश्रमों में निवास करते थे, उन्हें खानकोह (मठ) कहा जाता था।

2. सूफियों के बारे में क्या असत्य है ?
(अ) इन्होंने उलेमा को चुनौती देते हुए उनके महत्व को नकारा
(ब) इनका विश्वास था कि ईश्वर की प्राप्ति प्रेम और संगीत से की जा सकती है
(स) सूफी लोग गुरु को अधिक महत्व देते थे
(द) इनकी विचाराधारा कट्टरपंथी होती थी
उत्तर : (द)
व्याख्या– जो लोग सूफी संतों से शिष्यता ग्रहण करते थे, उन्हें मुरीद कहा जाता था। सूफी जिन आश्रमों में निवास करते थे, उन्हें खानकाह या मठ कहा जाता था। सूफी विचारधारा में गुरू (पीर) और शिष्य (मुरीद) के बीच संबंध का महत्व बहुत अधिक है। सूफी दर्शन केवल एक ईश्वर में विश्वास (एकेश्वरवादी) करता है। उनके अनुसार ईश्वर एक है और सभी कुछ ईश्वर में है। सूफियों का जीवन सादा होता था। वे मूर्तिपूजा में विश्वास नहीं करते थे। सूफियों के धर्मसंघ बा–शारा (इस्लाम सिद्धांत के समर्थक) और बे–शासा (इस्लामी सिद्धांत से बँधे नहीं) में विभाजित थे।

3. निम्न में से किसे 'हिन्दी खड़ी बोली का जनक' कहा जाता है ?
(अ) अमीर खुसरो (ब) जायसी
(स) कबीर (द) रहीम
उत्तर : (अ) UUPCS 2012
व्याख्या– हिन्दी खड़ी बोली का जनक अमीर खुसरा को माना जाता है। इनका पूरा नाम अबुल हसन यामुनुद्दीन अमीर खुसरो था। अमीर खुसरो को सात सुल्तानों का शासनकाल देखने वाला माना जाता है।

4. किस सूफी ने खुद को 'अनलहक (मैं ईष्वर हूँ–अद्वैतमत के 'अहम् ब्रह्मास्मि'–मैं ब्रह्म के समान) घोषित किया, जिस कारण उसे फाँसी पर लटका दिया गया ?
(अ) इब्दुल अरबी (ब) मंसूर अल हज्जाज
(स) बाबा फरीद (द) मुइनुद्दीन चिश्ती
उत्तर : (ब)
व्याख्या– मंसूर अल हज्जाज एक कवि और सूफी संत थे। इनको अब्बासी खलीफा अल मुक्तदर के आदेश्ज्ञ पर बहुत पड़ताल करने के बाद फाँसी पर लटका दिया गया था। इनकों 'अन अल हक्क' के नारे के लिए भी जाना जाता है जो भारतीय अद्वैत सिद्धांत के अहं ब्रह्मस्मि के बहुत करीब है।

5. वह सूफी संत कौन था, जो यह मानता था कि भक्ति संगीत ईश्वर के निकट पहुँचने का मार्ग है ?
(अ) मुइनुद्दीन चिश्ती (ब) बाबा फरीद
(स) सैयद मुहम्मद (द) शाह आलम बुखारी
उत्तर : (अ) SSC 2002
व्याख्या– ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती का जन्म 536 हिजरी संवत् अर्थात् 1141 ई.पू. पर्शिया के सिस्तान क्षेत्र में हुआ। इनको हजरत ख्वाजा गरीब नवाज के नाम से भी जाना जाता है। वे मानते थे कि भक्ति संगी ईश्वर के निकट पहुँचने का मार्ग है।

6. भारत में चिश्ती सिलसिले को किसने स्थापित किया ?
(अ) निजामुद्दीन औलिया
(ब) सलीम चिश्ती
(स) शेख मुइनुद्दीन चिश्ती
(द) हमीदुद्दीन नागौरी
उत्तर : (स) SSC 2000, UPPCS 2002
व्याख्या– 1192 ई. में मुहम्मद गौरी के साथ ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भारत आये थे। ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती ने भारत में चिश्ती सिलसिला की शुरुआत की। चिश्ती सिलसिला का मुख्य केन्द्र अजमेर था। चिश्ती सिलसिला के कुछ अन्य महत्वपूर्ण संत थे–निजामुद्दीन औलिया, बाबा फरीद, बख्तियार काकी एवं शेख बुरहानुद्दीन गरीब।

7. सूफी सिलसिला (संप्रदाय) मूलतः संबंधित है–
(अ) हिन्दूवाद (ब) सिक्खवाद
(स) इस्लाम (द) बौद्धवाद
उत्तर : (स) RRB 2003
व्याख्या– भारत में ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती द्वारा चिश्ती सिलसिला का गठन हुआ। सूफी सिलसिला मूलतः इस्लाम से संबंधित है। अबू हाशिम ने सबसे पहले सूफी शब्द का प्रयोग किया था। सूफी दर्शन केवल एक ईश्वर में विश्वास (एकेश्वरवादी) करता है। उनके अनुसार ईश्वर एक है और सभी कुछ ईश्वर में है। सूफियों का जीवन सादा होता था। वे मूर्तिपूजा में विश्वास नहीं करते थे। सूफियों के धर्मसंघ बा–शारा (इस्लाम सिद्धांत के समर्थक) और बे–शासा (इस्लामी सिद्धांत से बँधे नहीं) में विभाजित थे।

8. इस्लामी रहस्यवादी आंदोलन को कहा जाता है–
(अ) सूफी आंदोलन (ब) दीन–ए–इलाही
(स) तौहीद–ए–इलाही (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)
व्याख्या– दसवीं शताब्दी के बाद परंपरागत रूढ़िवादी प्रवृत्तियों पर अंकुश लगाने के लिए इस्लाम धर्म का रहस्यवादी आंदोलन सूफी आंदोलन के नाम से प्रसिद्ध है। इस आंदोलन का सूत्रपात फारस (पर्शिया) में हुआ था जिसे वर्तमान में ईरान कहा जाता है।

9. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I (सूफी सिलसिला)
A. सुहरावर्दी
B. फिरदौसी
C. कादरी
D. नक्शबंदी
सूची–II (संस्थापक–भारत में)
1. शेख बदरुद्दीन जकारिया
2. बद्वुद्दीन समरकंदी
3. मुहम्मद गौस गिलानी
4. ख्वाजा बकी विल्लाह
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(स) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
(द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
उत्तर : (अ)
व्याख्या– सूफियों के सुहरावर्दी सिलसिला की स्थापना शेख शिहाबुद्दीन उमर सुहरावर्दी ने की, किन्तु 1262 ई. में इसके सुदृढ़ संचालन का श्रेय शेख बदरुद्दीन जकारिया को है। इन्होंने सिंध एवं मुल्तान को मुख्य केन्द्र बनाया। सुहरावर्दी धर्मसंघ के अन्य प्रमुख संत थे–जलालुद्दीन तबरीजी, सैय्यद सुर्ख जोश, बुरहान आदि। सुहरावर्दी सिलसिला ने राज्य के संरक्षण को स्वीकार किया था। कादरी धर्मसंघ या सिलसिला की स्थापना सैय्यद अबुल कादिर अल जिलानी ने बगदाद में की थी। भारत में इस सिलसिला के प्रवर्तक मुहम्मद गौस थे। इस सिलसिले के अनुयायी गाने–बजाने के विरोधी थे। ये लोग शिया मत के विरुद्ध थे। नक्शबंदी सिलसिला की स्थापना ख्वाजा उबेदुल्ला ने की थी। भारत में इस सिलसिलि की स्थापना ख्वाजा बकी बिल्लाह ने की थी। भारत में इसके व्यापक प्रचार का श्रेय बकी बिल्लाह के शिष्य अकबर के समकालीन 'शेख अहमद' सरहिन्दी को था। फिरदौसी, सुहरावर्दी सिलसिला की ही एक शाखा थी, जिसका कार्य क्षेत्र बिहार था। इस सिलसिले को शेख शरीफउद्दीन याह्या ने लोकप्रिय बनाया। याह्या ख्वाजा निजामुद्दीन के शिष्य थे।

10. भारत में किस सूफी सिलसिले को सर्वाधिक लोकप्रियता मिली ?
(अ) चिश्ती (ब) सुहरावर्दी
(स) फिरदौसी (द) नक्शबंदी
उत्तर : (अ)
व्याख्या– भारत में चिश्ती सिलसिला को सर्वाधिक लोकप्रियता मिली। 1192 ई. में मुहम्मद गौरी के साथ ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भारत आये थे। ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती ने भारत में चिश्ती सिलसिला की शुरुआत की। चिश्ती सिलसिला का मुख्य केन्द्र अजमेर था।

11. फिरदौसी सिलसिले के सर्वप्रथम सूफी थे–
(अ) बदुद्दीन समरकंदी
(ब) कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी
(स) शेख फरीद
(द) शेख शरीफउद्दीन याह्म
उत्तर : (द)
व्याख्या– फिरदौसी, सुहरावर्दी सिलसिला की ही एक शाखा थी, जिसका कार्य क्षेत्र बिहार था। फिरदौसी सिलसिला के संस्थापक मध्य एशिया के सैफुद्दीन बखरजी थे। भारत में इस सिलसिले को शेख शरीफउद्दीन याह्मा ने लोकप्रिय बनाया। याह्मा ख्वाजा निजामुद्दीन के शिष्य थे।

12. चिश्ती सिलसिले के किस सूफी को 'चिराग–ए–देहलवी' (दिल्ली का दीपक) कहा है ?
(अ) निजामुद्दीन औलिया
(ब) शेख नासिरुद्दीन
(स) मुहम्मद गेसूदराज 'बंदानवाज'
(द) सलीम चिश्ती
उत्तर : (ब)

13. दारा शिकोह ने किस सूफी सिलसिले को अपनाया था ?
(अ) चिश्ती (ब) नक्शबंदी
(स) फिरदौसी (द) कादिरी
उत्तर : (द)

14. निम्नलिखित में कौन चिश्ती सिलसिला का नहीं था ?
(अ) कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी
(ब) शेख हमीदुद्दीन नागौरी
(स) बाबा फरीद
(द) शेख बहाउद्दीन जकारिया
उत्तर : (द)

15. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I
A. पीर/शेख/मुर्शिद
B. मुरीद
C. खलीफा
D. खानकाह
सूची–II
1. शिष्य
2. गुरु या मार्गदर्शक
3. सूफी संतों का निवास स्थल
4. सोफ्फी मत का अनुपालक
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 1, C – 4, D - 3
(स) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
(द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
उत्तर : (ब) CDS 2002

16. निम्नलिखित में से किस सुल्तान से निजामुद्दीन औलिया ने भेंट करने से इंकार कर दिया था ?
(अ) जलालुद्दीन फिरोज खिलजी
(ब) अलाउद्दीन खिलजी
(स) गयासुद्दीन तुगलक
(द) मुहम्मद बिन तुगलक
उत्तर : (ब) BPSC 2001

17. निम्नलिखित सूफी सिलसिलों (संप्रदायों) में कोन संगीत के विरुद्ध था ?
(अ) चिश्ती (ब) सुहरावर्दी
(स) कादिरी (द) नक्शबंदी
उत्तर : (द) UPPCS 2001

18. दारा शिकोह ने किस शीर्षक से उपनिषदों का फारसी में अनुवाद किया था ?
(अ) अल–फिहरिश्त (ब) किताब–उल–खाँ
(स) मज्म–उल–बहरीन (द) सिर्र–ए–अकबर
उत्तर : (द) UPPCS 2000

19. 'सूफिया कलाम' जो एक प्रकार का भक्ति संगीत है, विशेषता है–
(अ) गुजरात की (ब) कश्मीर की
(स) राजस्थान की (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब) Utt. PSC 2002

20. सूफी संत ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती किसके शासनकाल में राजस्थान आए थे ?
(अ) महाराणा प्रताप (ब) राणा सांगा
(स) राणा कुंभा (द) पृथ्वीराज चौहान
उत्तर : (द) RAS/RTS 2003

21. प्रसिद्ध सूफी सलीम चिश्ती रहते थे–
(अ) दिल्ली में (ब) अजमेर में
(स) फतेहपुर सीकरी में (द) लाहौर में
उत्तर : (स) RAS/RTS 2000

22. निम्नलिखित में से कौन–कौन सूफी थे ?
1. रहीम
2. निजामुद्दीन औलिया
3. मुईनुद्दीन चिश्ती
4. रसखान
(अ) 1 और 2 (ब) 1, 2 और 3
(स) 2 और 3 (द) 2 और 4
उत्तर : (स) UPPCS 1998

23. मध्यकालीन सूफियों में सबसे धनी सूफी थे–
(अ) निजामुद्दीन औलिया
(ब) शेख नासिरुद्दीन 'चिराग–ए–देहलवी'
(स) सलीम चिश्ती
(द) शेख बहाउद्दीन जकारिया
उत्तर : (द)

24. 'सुल्तान–ए–तारकिन' (संन्यासियों के सुल्तान) किस सूफी संत को कहा जाता है ?
(अ) ख्वाजा कुतुबुद्दीन (ब) शेख हमीदुद्दीन नागौरी
(स) सलीम चिश्ती (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

25. काव्याभिव्यक्ति के रूप में उर्दू का प्रयोग करने वाला पहला लेखक था–
(अ) अमीर खुसरो (ब) मिर्जा गालिब
(स) बहादुर शाह जफर (द) फैज
उत्तर : (अ) UPPSC 1999

26. किस सूफी संतो को 'महबूब–ए–इलाही' (अल्लाह के प्रिय) कहा जाता है ?
(अ) शेख निजामुद्दीन औलिया
(ब) शेख नासिरुद्दीन
(स) बाबा फरीद
(द) सलीम चिश्ती
उत्तर : (अ)

27. किस सूफी को 'बख्तियार काकी' कहा गया ?
(अ) शेख नासिरुद्दीन (ब) ख्वाजा कुतुबुद्दीन
(स) सलीम चिश्ती (द) निजामुद्दीन औलिया
उत्तर : (ब)

28. किस सूफी संत ने कहा था–''हुनूज दिल्ली दूर अस्त'' (अभी दिल्ली दूर है) ?
(अ) शेख निजामुद्दीन औलिया
(ब) शेख नासिरुद्दीन
(स) सलीम चिश्ती
(द) शेख फरीद
उत्तर : (अ)

29. दक्षिणी भारत में चिश्ती सिलसिले की नींव रखने वाला कौन था ?
(अ) शेख बुराहनुद्दीन गरीब
(ब) शेख सलीम चिश्ती
(स) बाबा फरीद
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

30. 'मीराज–उल–आसिकीन' उर्दू शायरी की पहली किताब के सूफी रचयिता है–
(अ) बाबा फरीद
(ब) शेख सलीम चिश्ती
(स) अमीर खुसरो
(द) सैय्यद मुहम्मद गेसूदराज 'बंदानवाज'
उत्तर : (द)

31. अकबर जिस सूफी संत का बड़ा आदर करता था और जिसके आशीर्वाद से शहजादा सलीम (जहाँगीर) का जन्म हुआ था, वह था–
(अ) शेख सलीम चिश्ती
(ब) बाबा फरीद
(स) शेख अब्दुल कद्दस गंगोही
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

32. दिल्ली सल्तनत के सुल्तान इल्तुतमिश ने किसे 'शेख–उल–इस्लाम' की उपाधि दी ?
(अ) मुइनुद्दीन चिश्ती
(ब) शेख बहाउद्दीन जकारिया
(स) बाबा फरीद
(द) सलीम चिश्ती
उत्तर : (ब)

33. किस सूफी सिलसिले की गतिविधियों का मुख्य केन्द्र बिहार था ?
(अ) चिश्ती (ब) सुहरावर्दी
(स) फिरदौसी (द) कादिरी
उत्तर : (स)

34. फारसी में रचित 'मजमा–उल–बहरैन' (दो समुद्रों का संगम) जिसमें सूफी मत व हिन्दू मत का तुलनात्मक वर्णन है, का रचयिता है ?
(अ) दारा शिकोह (ब) सलीम चिश्ती
(स) बाबा फरीद (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

35. किसने संस्कृत के पंडितों की सहायता से 'भगवतगीता' एवं 'योग वशिष्ठ' का अनुवाद फारसी में किया ?
(अ) सलीम चिश्ती (ब) अमीर खुसरो
(स) दारा शिकोह (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

36. किस सूफी सिलसिले के अनुयायी आध्यत्मिक तत्वों के संबंध में तरह–तरह के नक्शे बनाते थे और उसे रंगों से भरते थे ?
(अ) नक्शबंदी (ब) शत्तारी
(स) कादिरी (द) फिरदौसी
उत्तर : (अ)

37. मुगल बादशाह औरंगजेब को किस सूफी सिलसिले में दिलचस्पी थी और उसे अपनाया थी ?
(अ) नक्शबंदी (ब) कादिरी
(स) शत्तारी (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

38. निम्नलिखित में किसे 'शेख–उल–हिंद' की पदवी प्रदान की गई थी ?
(अ) बाबा फरीदुद्दीन
(ब) ख्वाजा कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी
(स) ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती
(द) शेख सलीम चिश्ती
उत्तर : (द) BPSC 2008

39. निम्नलिखित युग्मों में से गलत युग्म है–
(अ) चिश्ती – दिल्ली और दोआब
(ब) सुहरावर्दी – सिन्ध
(स) औलिया – मध्य प्रदेश
(द) फिरदौसी – बिहार
उत्तर : (स) JPSC 2010

www.rajstudents.com